https://universitynews.in/

3343

B.A. (Part I) Examination, 2022
(Compulsory Paper)

GENERAL HINDI
(सामान्य हिन्दी)

Duration of Examination: 1½ Hours | *Max. Marks: 50*
परीक्षा की अवधि: 1½ घण्टा | *पूर्णांक: 50*

Instructions to the Candidates:
परीक्षार्थी के लिए निर्देश:-

परीक्षार्थीगण सम्पूर्ण प्रश्नपत्रों में से 50 प्रतिशत अंक के प्रश्नों के उत्तर देवें। परीक्षार्थी द्वारा किन्हीं कारणों से 50 प्रतिशत अंकों से ज्यादा उत्तर देने की स्थिति में परीक्षक द्वारा उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन 50 प्रतिशत अंकों से ही किया जायेगा। (50 Marks)

1. निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
इस देश में जो जिसके लिए प्रतिबद्ध है, वही उसे नष्ट कर रहा है। लेखकीय स्वतन्त्रता के लिए प्रतिबद्ध लोग ही लेखक की स्वतन्त्रता छीन रहे हैं। सहकारिता के लिए प्रतिबद्ध इस आन्दोलन के लोग ही सहकारिता को नष्ट कर रहे हैं। सहकारिता तो एक स्पिरिट है। सब मिलकर सहकारितापूर्वक खाने लगते हैं और आन्दोलन को नष्ट कर देते हैं। समाजवाद को समाजवादी ही रोके हुए हैं। 10

अथवा

इस समय हिंदी सत्ता के दबाव में है। वह नदी के भीतर पहाड़ खिसक जाने से जो होता है, वैसी हालत में है। 'न ययौ न तस्थौ', न आगे बढ़ पाती है, न कुंड बन कर रह पाती है। वह खौल रही है। सत्ता मिली नहीं, बस वादे लगभग पचास वर्ष से मिल रहे हैं। राजनीति ने उसे 'राष्ट्रभाषा' नाम दिया। फिर राजभाषा, फिर सम्पर्क भाषा, फिर यह हो गया कि हिंदी का नाम लें। बस 'आफिशियल लँग्वेज' के नाम से उसे जानें। देखते-देखते ऐसा सगुण साकार देश भर में छाया हुआ रूप निर्गुण निराकार हो गया।

2. 'लछमा' रेखाचित्र के आधार पर लछमा का चरित्र-चित्रण कीजिए। 15

अथवा

'सावचेती' कहानी का सार बताते हुए इसकी मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

3. 'आवाज का नीलाम' एकांकी के मूल प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

'पर्यावरण और सनातन दृष्टि' निबंध के आधार पर भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के प्रति व्यक्त भावों को स्पष्ट कीजिए।

4. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए। 4

(1) अपरान्ह (2) कनिष्ट (3) अतिथी (4) नुपूर
(5) अंकुर (6) अकस्मात (7) अक्षुण्य

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4

(1) मैं मंगलवार के दिन व्रत रखता हूँ।
(2) गले में गुलामी की बेड़ियाँ पड़ी रहीं।
(3) मेरे को कुछ याद नहीं आ रहा।
(4) पुस्तकों में यह बहुत श्रेष्ठ है।
(5) यह ग्रंथ विद्वत्तापूर्ण लिखा गया है।

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

(6) वह कमीज डालकर सो गया

(7) कृपया गंदगी मत कीजिए।

(स) निम्नलिखित में से चार समानार्थक हिन्दी शब्द लिखिए : 4

(i) AD HOC (ii) CELL (iii) CORRIGENDUM (iv) ACCOUNTANT
(v) MANAGER (vi) CREDIT (vii) COMMISSIONER

(द) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्द-युग्मों का अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए : 4

(1) श्विति-क्षिति (2) अंश-अंस (3) अनिल-अनल (4) निर्जर-निर्झर
(5) सम-शम (6) तरणी-तरणि (7) आभरण-आमरण

(य) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए सार्थक शब्द लिखिए : 4

(1) जिसने अभी तक जन्म न लिया हो

(2) परम्परा से चली आई कथा

(3) पूर्व और उत्तर के बीच की दिशा

(4) ऐसी जमीन जो अच्छी उत्पादक हो

5. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए 4

(1) महेन्द्र (2) परिच्छेद (3) उल्लास (4) तन्मय (5) इत्यादि (6) नमस्ते (7) मनोयोग

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं चार पदों का समास-विग्रह कीजिए : 4

(1) रेलगाड़ी (2) चौमासा (3) शरणागत (4) कुरता-टोपी (5) कमलनयन (6) राजभाषा (7) भरपेट

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के पर्यायवाची लिखिए 4

(1) अतिथि (2) कृष्णा (3) गंगा (4) द्रौपदी (5) पत्थर (6) सूर्य (7) अमृत

(द) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 4

(1) अंगारे बरसना (2) कमर कसना
(3) गले का हार (4) लोहे के चने चबाना

(य) निम्नलिखित में से किन्हीं दो लोकोक्तियों का अर्थ बताइए : 4

(1) अंधों में काना राजा (2) का वर्षा जब कृषि सुखाने
(3) गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास (4) नौ दिन चले अढ़ाई कोस

6. निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण करते हुए उचित शीर्षक दीजिए : 4

मनुष्य-रूपी तलवार की धार चरित्र है। अगर इस धार में तीक्ष्णता है तब वह तलवार भले ही लोहे की हो, अपने काम में अधिक कारगर सिद्ध होती है। इसके विपरीत, यदि इस तलवार की धार मोटी है, भद्दी है तब वह तलवार, सोने की ही क्यों न हो, हमारे किसी काम की नहीं हो सकती है। इसी प्रकार यदि किसी का चरित्र ही नष्ट हो गया हो, तब वह मनुष्य मुर्दे से भी बदतर है, क्योंकि मुर्दा तो किसी और मनुष्य का बुरा नहीं कर सकता है, पर एक चरित्रभ्रष्ट मनुष्य अपने साथ रहने वालों को भी अपने ही रास्ते पर ले जाकर अवनति एवं सत्यानाश के भयावने गड्ढे में ढकेल सकता है।

7. निम्नलिखित उक्ति का पल्लवन कीजिए 4

मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

अथवा

विश्वासपात्र मित्र जीवन की औषधि है

8. जल आपूर्ति की समस्या के बारे में अपने क्षेत्र के जलदाय विभाग के अधिकारी को पत्र लिखिए। 4

अथवा

अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठीक करवाने हेतु नगर परिषद के आयुक्त को एक पत्र लिखिए।

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 8

(अ) आधुनिक नारी और समाज (ब) भ्रष्टाचार : कारण और निवारण
(स) साम्प्रदायिक सद्भाव : आदर्श समाज की आत्मा (द) मेरा प्रिय साहित्यकार

* * * * *

https://universitynews.in/